प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (प्रमुयो)

के अंतर्गत कहां से और कैसे ऋण प्राप्त करें

1. प्रक्रिया प्रवाह आरेख



2. मुद्रा ऋण क्या है?

- वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या 27 / 01/ 2015 - सीपी / आरआरबी दिनांकित 14 मई, 2015 के अनुसार सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों , क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और शहरी सहकारी बैंकों द्वारा दिए गए गैर कृषि आय सृजन उद्यमों को ऐसे ऋण जो विनिर्माण, व्यापार और सेवा के लिए हों तथा जिनकी ऋण जरूरत 10 लाख रुपये से कम हों, को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (प्रमुयो) के तहत मुद्रा ऋण के रूप में

जाना जाएगा। इस प्रकार के सभी ऋण को पुनर्वित्त और / अथवा मुद्रा के ऋण वृद्धि उत्पादों के अंतर्गत समाहित किया जा सकता है।

- इन बैंकों, गैर बैंकिंग वित्त कंपनियों के अलावा जो अल्प वित्त संस्थाएं पूरे देश में काम कर रही हैं और इस घटक (सिगमेंट) को ऋण उपलब्ध करा रही हैं तथा अनुमोदित पात्रता मानदंड को पूरा करती हैं वे मुद्रा लिमिटेड से ऋण सहायता प्राप्त कर सकती हैं। मुद्रा से पुनर्वित्त / ऋण प्राप्त करने की पात्रता मानदंड को अंतिम रूप दिया जा चुका है और वह मुद्रा के बेवसाईट पर उपलब्ध है।

- मुद्रा ने अंतिम उधारकर्ता तक सहायता चैनलाइज करने के लिए पात्रता मानदंडों के आधार पर 27 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, 27 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, 17 निजी क्षेत्र के बैंकों और 25 अल्प वित्त संस्थाओं (अल्प वित्त संस्थाओं की सूची संलग्नक I में संलग्न है) के साथ साझीदारी शुरू की है ।

3. प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत सहायता के लिए किसे संपर्क किया जाए?

- जो उधारकर्ता प्रधान मंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत सहायता चाहते हैं वे अपने क्षेत्र में ऊपर संदर्भित संस्थाओं में से किसी भी संस्था की स्थानीय शाखा से संपर्क कर सकते हैं। सहायता की स्वीकृति संबंधित ऋण संस्था की पात्रता मानदंडों के अनुसार होगा।

4. सहायता के लिए किससे संपर्क किया जाए?

- मुद्रा ने सिडबी के विभिन्न क्षेत्रीय/ शाखा कार्यालयों में 97 नोडल अधिकारियों को मुद्रा के लिए " पहले संपर्क व्यक्तियों" के रूप में कार्य करने के लिए चिहि्नत किया है।

- मुद्रा उत्पादों की किसी भी तरह की जानकारी और सहायता के लिए उधारकर्ता मुम्बई में मुद्रा कार्यालय अथवा चिहि्नत नोडल अधिकारियों से संपर्क कर सकता है । उक्त का विवरण (संपर्क नंबर और मेल आईडी के साथ) मुद्रा वेबसाइट पर दिया गया है। उधारकर्ता मुद्रा के वेबसाइट www.mudra.org.in को भी देख सकते हैं और अपने प्रश्न/ सुझाव help@mudra.org.in पर भेज सकते हैं।

संलग्नक 1

चयनित एमएफआई की सूची(संभावित)		
क्रम सं.	**एमएफआई का नाम**	**जिस स्थान पर पंजीकृत कार्यालय स्थित है**
1	एस वी क्रेडिटलाइन प्रा.लि.	गुड़गांव
2	मार्गदर्शक फाइनांसियल सर्विसेज लि.	लखनऊ
3	मदुरा माइक्रो फाइनांस लि.	चेन्नै, तमिलनाडु
4	ईएसएएफ माइक्रो फाइनांस एण्ड इन्वेस्टमेंट प्रा.लि.	त्रिचुर, केरल
5	फ्यूजन माइक्रो फाइनांस प्रा. लि.	नई दिल्ली
6	उज्जीवन फाइनांसियल सर्विसेज प्रा. लि.	बेंगलूरु
7	फ्यूचर फाइनांसियल सर्विसेज प्रा.लि.	चित्तूर, आंध्र प्रदेश
8	एसकेएस माइक्रो फाइनांस लि.	हैदराबाद
9	उत्कर्ष माइक्रो फाइनांस प्रा. लि.	वाराणसी
10	इक्विटस माइक्रो फाइनांस प्रा. लि.	चेन्नै, तमिलनाडु
11	सोनाटा फाइनांस प्रा. लि.	इलाहाबाद
12	साइजा फाइनांस प्रा. लि.	पटना
13	अर्थ माइक्रो फाइनांस प्रा. लि.	जयपुर राजस्थान
14	शिखर माइक्रो फाइनांस प्रा. लि.	द्वारका नई दिल्ली
15	नवचेतना माइक्रोफिन सर्विसेज प्रा. लि.	हवेरी, कर्णाटक
16	समस्त माइक्रो फाइनांस प्रा. लि.	बेंगलूरु
17	साटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लि.	दिल्ली
18	सहयोग माइक्रो फाइनांस लि.	भोपाल
19	आरोहण फाइनांसियल सर्विसेज प्रा. लि.	कोलकाता
20	कैशपोर माइक्रो क्रेडिट	वाराणसी
21	दिगम्बर कैमफिन लि.	जयपुर
22	भारतीय माइक्रो क्रेडिट	लखनऊ
23	सखी समुदाय कोष	शोलापुर
24	मिडलैंड माइक्रोफिन लि.	जलंधर
25	आरजीवीएन(नॉर्थ इस्ट) माइक्रोफाइनांस लि.	गुवाहाटी

नोट -

1) इन संस्थाओं को मुद्रा लि. से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए अपनी अद्यतन वित्तीय स्थिति/ अवस्थिति तथा ऋण आवेदन जमा करनी होगी।

2) ये अल्प वित्त संस्थाएं यद्यपि किसी निश्चित केन्द्र या राज्य में पंजीकृत हैं, तथापि अपने उप नियमों के अनुसार, अन्य केन्द्र तथा राज्य में भी परिचालन कर सकते हैं। तदनुसार, ये संस्थाएं अधिकांश राज्यों को कवर करते हैं।

*****